卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 321 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦2 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## हरक सिंह से ईडी ने की पूछताछ

### पाखरो प्रकरण को लेकर ईडी दफ्तर में पेश हुए पूर्व मंत्री

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत सोमवार को फिर ईडी के दफ्तर में पेश हुए। ईडी हरक सिंह रावत से कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के पाखरो प्रकरण में पूछताछ कर रही है। बता दें पाखरो रेंज घोटाले के मामले में वर्ष 2022 में विजिलेंस के हल्द्वानी सेक्टर में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में तत्कालीन कुछ अधिकारियों (जिनमें पूर्व डीएफओ किशनचंद भी शामिल थे) को गिरफ्तार भी किया गया था। विजिलेंस ने पिछले साल अगस्त में विजिलेंस ने हरक सिंह रावत और उनके परिचितों के संस्थानों पर छापे मारे थे। बताया गया था कि यहां एक पेट्रोल पंप पर सरकारी जनरेटर बरामद हुआ था। हालांकि, जांच अभी और आगे बढ़ती इससे पहले ही हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई को जांच सौंप दी गई। विजिलेंस ने इस केस से जुड़े सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंप दिए थे। इसी बीच ईडी ने भी इसका संज्ञान ले लिया। गत फरवरी 2024 में ईडी ने भी हरक सिंह रावत के घर और इससे जुड़े कुछ अधिकारियों के घरों पर (शेष पृष्ठ सता पर)



## नाबालिग से अश्लील हरकतें करने वाला बिजनौर से गिरफ्तार

चमोली (उद संवाददाता)। जनपद के नंदानगर (घाट) में नाबालिग लड़की से अश्लील हरकत करने वाले युवक आरिफ को पुलिस ने देर रात बिजनौर से गिरफ्तार कर लिया है। घटना के विरोध में घाट में आज दूसरे दिन भी बाजार बंद रहा। नगर में शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। जानकारी के मुताबिक दो दिन पूर्व नंदा नगर में दूसरे समाज के एक युवक ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ की थी, जिसकी जानकारी मिलने के बाद लोग आक्रोशित हो गये। लोगों ने युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बीते दिवस हंगामा करते हुए बाजार बंद करा दिया। इस दौरान दुकानों में तोड़फोड़ भी की गयी। आक्रोशित लोगों और (शेष पृष्ठ सता पर)



## लापता महिला का जंगल में मिला शव

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।स्याल्दे के कैलानी में स्थित सोलर प्लांट से लगे जंगल में एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध हालात में मिला है। महिला पिछले कई दिनों से लापता थी। सूचना मिलने के बाद तहसील प्रशासन और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार स्याल्दे ब्लॉक के देघाट से लगे जैखाल के तोक गहटदुआ निवासी 23 वर्षीय पूजा पुत्री बालम सिंह का विवाह करीब 6 महीने

आवश्यकता है
इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।
-संपर्क करें-
8433432291

## जहरीले सांप के काटने से युवक की मौत



रूद्रपुर। विगत दिवस सर्पदंश से गंभीर रूप से घायल हुये युवक ने गत सायं उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया। जानकारी के अनुसार शांतिपुरी नम्बर तीन निवासी 30 वर्षीय सूरज सिंह मेहता पुत्र हरपाल को विगत सायं जहरीले सांप ने डस लिया था। जिसका उपचार कराने के लिये परिजन उसे बिलासपुर के एक चिकित्सक के पास ले गये (शेष पृष्ठ सता पर)

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि ग्राम भंगा पुलभट्टा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्रामभंगा पुलभट्टा निवासी 28 वर्षीय राहुल पुत्र राकेश गत रात्रि बाईक पर सवार होकर खटीमा से घर वापस लौट रहा था। ग्राम के पास ही मोड़ पर उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल राहुल को परिजन उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले गये जहां उसकी हालत में सुधार न होने पर परिजन बरेली ले जा रहे थे। मार्ग में राहुल की मौत हो गई। जिस पर परिजन रास्ते से ही वापस (शेष पृष्ठ सता पर)



## हादसे में घायल होमगार्ड की मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)। दो दिन पूर्व बोलेरो की टक्कर से घायल हुए होमगार्ड ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार 2 दिन पूर्व काशीपुर की ओर से तेज गति में आ रही बोलेरो ने थाना गेट के सामने मोटरसाइकिल पर सवार पीआरडी और होमगार्ड जवान महेंद्र सिंह व नंदराम घायल को टक्कर मार दी थी जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये थे। पुलिस ने घटना के बाद दोनों जवानों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रुद्रपुर के लिए रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों द्वारा घायलों को सुशीला (शेष पृष्ठ सता पर)

## जल भराव को लेकर नगर निगम कार्यालय में प्रदर्शन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वार्ड एक में जल भराव होने तथा सफाई अव्यवस्था से भड़के लोगों ने नगर निगम कार्यालय में प्रदर्शन कर उप नगर आयुक्त की ज्ञापन सौंपा। रोषित लोगों का कहना था कि वसुधरा इन्क्लवे फेस- 2. (बनखन्डी) फुलसंगा की कॉलोनी वार्ड नं. 1. में जल भराव होने के कारण लोगों को गन्दे पानी में होकर गुजरना पड़ता है। इस कारण से घरों में सांप कीड़े मकोड़े आदि घुस जाते हैं और जल भराव होने के कारण डेंगु व अन्य बीमारियां होने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि कॉलोनी में रोड़ व गलियों में नाली न होने के कारण घरो का (शेष पृष्ठ सता पर)



## बदमाशों ने हमला कर पेंटर से नगदी लूटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रविवार रात्रि कुछ बदमाशों ने किच्छा बाईपास मार्ग पर काम कर घर लौट रहे पेंटर पर डंडों से मारपीट कर उसके पास से हजारों की नगदी लूट ली और भाग गये। घायल पेंटर ने मामले की जानकारी पुलिस को दी और जिला चिकित्सालय में अपना उपचार करवाया। भूतबंगला निवासी 42 वर्षीय राशिद अहमद पुत्र खुर्शीद अहमद ने बताया कि वह पेंटर का काम करता है। गत रात्रि वह करीब 11:30 बजे भदईपुरा में काम करने के बाद पैदल घर वापस लौट रहा था। जब वह पुलिया से नीचे सड़क पर जा रहा था इसी दौरान अचानक लगभग आधा दर्जन बदमाशों ने उसे घेर लिया और उसे लाठियों व बेल्टों से मारने लगे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राशिद का आरोप है कि बदमाश उसके पास मजदूरी के रखे 12 हजार रूपये लूट कर धमकी देते हुए चले गये। राशिद ने मामले की तहरीर पुलिस को दे दी है। घायल राशिद ने जिला चिकित्सालय में अपना उपचार करवाया।



## स्कूटी और बाईक में भिड़न्त में तीन घायल

रूद्रपुर। सिड़कुल में स्कूटी और बाईक के मध्य हुई भिड़न्त में तीन लोग घायल हो गये। जिनका जिला अस्पताल में उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार गोविन्द नगर ट्रांजिट कैम्प निवासी सुनील वर्मा अपने पिता मैनेजर वर्मा को ड्यूटी के लिए फैक्ट्री छोड़ने स्कूटी संख्या यूके 06 बीबी 3382 पर सवार होकर जा रहा था। टाईटन कम्पनी के पास सामने से तेज गति से आते बाईक सवार कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प निवासी सचिन पुत्र राजेन्द्र प्रताप ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे दोनों वाहनों पर सवार सचिन, सुनील व विजय तीनों को चोटें आ गई। जिनका जिला चिकित्सालय में उपचार कराया गया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।



## यूपी में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर सरकार संजीदा, उत्तराखंड में बेपरवाह

### ◆ बेलगाम पुलिस अधिकारियों पर नहीं रहा सरकार का नियंत्रण ◆ दुर्व्यवहार को लेकर मित्र पुलिस की देशभर में हो रही किरकिरी

■ **मनोज श्रीवास्तव**

काशीपुर। उत्तर प्रदेश में जहां एक और पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह गंभीर नजर आ रही है वहीं उत्तराखंड में लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ असुरक्षित है। यहां आए दिन पुलिस के अधिकारियों द्वारा पत्रकारों के उत्पीड़न की लगातार शिकायतें आ रही हैं। अफसर शाही को लेकर सरकार के राजकाज पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर यूपी के पुलिस मुख्यालय द्वारा पत्राचार कर प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर सचेत रहने के निर्देश दिए हैं। बीते 27 अगस्त को पुलिस महानिरीक्षक (कानून व्यवस्था) एल आर कुमार ने प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्त एवं एसएसपी को पत्र जारी कर पत्रकारों की समुचित सुरक्षा एवं शिष्ट व्यवहार आदि के संबंध में जवाब मांगे हैं। इसके अलावा पत्रकारों की समस्याओं के त्वरित निदान के भी निर्देश दिए गए। पुलिस मुख्यालय से जारी किए गए पत्र में प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों से यह भी पूछा गया है कि पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण हेतु क्या अलग से कोई सक्षम अधिकारी नामित है अथवा नहीं। इसके अलावा पत्रकारों के जीवन भय के दृष्टिगत क्या पुख्ता इंतजाम है। पत्रकारों तथा उनके परिवार जनों के खिलाफ मिथ्या तहरीर के आधार पर कहीं कोई झूठे मुकदमे तो नहीं पंजीकृत किया जा रहे। आदि महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार का गंभीर होना इस बात का द्योतक है कि उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तम प्रदेश की ओर तेजी से अग्रसर है। मीडिया यहां स्वतंत्र व निडर होकर सरकार को सच्चाई का आइना दिखा रही है। दूसरी तरफ उत्तराखण्ड में सरकार की लचर कार्य प्रणाली के चलते पिछले कुछ समय से कथित तौर पर मित्र पुलिस न्याय की गुहार लगाने थाने चौकियों में आए फरियादियों से दुर्व्यवहार कर रही है। उन्हें दुत्कार कर भगाने का काम किया जा रहा है। दायित्वों के नाम पर गुंडागर्दी एवं अवैध वसूली चरम पर है। पुलिस के अफसर मीडिया कर्मियों को झूठे मुकदमों में फंसाने के लिए तत्पर देखे जा रहे हैं। उधम सिंह नगर में पिछले कुछ माह के भीतर प्रभारी निरीक्षक जैसे पदों पर बैठे पुलिस के अधिकारियों द्वारा मीडिया कर्मियों से दुर्व्यवहार के आधा दर्जन मामले प्रकाश में आए। कुछ और कोतवाल अभी इसी जिले में ऐसे सक्रिय हैं जिन्हें मीडिया कर्मियों से बोलने (शेष पृष्ठ सता पर)



# बेखौफ शराब माफियाओं ने न्यूज पोर्टल के संपादक का सिर फोड़ा,जबड़ा तोड़ा

## रिपोटिंग के दौरान जानलेवा हमले में पत्रकार योगेश बुरी तरह जख्मी,एम्स ऋषिकेश में भर्ती, निशंक भी पहुंचे

देहरादून/ऋषिकेश(उद ब्यूरो)। ऋषिकेश में आंवला न्यूज पोर्टल के संपादक योगेश डिमरी पर शराब माफियाओं ने जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। उन्हें गंभीर हालत में ऋषिकेश एम्स में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि योगेश लगातार क्षेत्र में हो रही अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ लोगों के साथ अभियान चलाकर आवाज उठा रहे थे। रविवार सायं करीब 6 बजे वह रिपोटिंग करने गये थे। इसी दौरान शराब माफियाओं ने मारपीट शूरू कर दी। सोशल मीडिया में वायरल एक अन्य वीडियो में वह लहुलुहान अवस्था में दिख रहे है। योगेश डिमरी को सिर और पीठ पर गंभीर चोटें आई है, जबड़ा तोड़ा गया है पैर में चोट है । उन्हें उपचार के लिए ऋषिकेश एम्स अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के मुताबिक रविवार को योगेश को किसी अनजान नंबर से कोई सूचना मिली, जिसकी तहकीकात करने जैसे ही वह इंदिरानगर पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद आरोपियों ने उन पर पत्थरों से हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।







गंभीर हालत में उन्हें जेडी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें ऋषिकेश एम्स रेफर कर दिया गया है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इस घटना ने उत्तराखण्ड में कानून व्यवस्था की भी पोल खोल कर रख दी है। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों पर इस तरह का हमला वाकई निंदनीय एवं लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश है। घटना का वीडियो भी शोसल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें वहां मौजूद कुछ लोग बेखौफ होकर योगेश को धमका रहे है। इतना ही नहीं क्षेत्र में पुलिस द्वारा संरक्षण देकर शराब बेचने के आरोप लगाने को लेकर भी वह योगेश को धमकाने के साथ ही भद्दी गालियां देकर टार्चर कर रहे है साथ ही तमंचा लगाने की धमकी दे रहे है। इधर मीडियाकर्मी से हुई मारपीट की घटना से प्रदेशवासियों के साथ ही राजनीतिक दलों के लोगों ने कड़ी प्रतिकिया व्यक्त करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। बताया जा हा है कि मारपीट की घटना में बुरी से से चोटिल योगेश के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं। जबकि हाथ पैर सिर पर घाव बने हुए है। वहीं देर रात्रि देहरादून सहित कई क्षेत्रों से मीडियाकर्मी भी उनसे मिलने पहुंचे और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। न्यूज पोर्टल से संपादक एवं बेबाक रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकार योगेश डिमरी से मारपीट कर कड़ी निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपने कर्तवयों का निर्वहन कर रहे कुछ गिने चुने ईमानदार पत्रकारों के खिलाफ हो रही अराजकता को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। इस मामले में सरकार और पुलिस प्रशासन को सख्त एक्शन लेना चाहिये एक कठोर कार्यवाही कर एक मिसाल भी कायम होनी चाहिये जिससे कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाने वाले माफियाओं के आतंक पर अंकुश लग पाये। वहीं शराब माफियाओं के हमले की घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व सीएम डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने देरा रात्रि ऋषिकेश एम्स पहुंचकर घायल पत्रकार योगेश डिमरी से मुलाकत की। इस दौरान पूर्व सीएम ने एम्स प्रशासन से पत्रकार के समुचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मारपीट करने की यह घटना बेहद निंदनीय है। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। वहीं ऋषिकेश में आंवला न्यूज पोर्टल के संपादक योगेश डिमरी पर शराब माफियाओं के हमले की घटना को लेकर विपक्ष दल कांग्रेस के नेताओं ने भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से घटना का संज्ञान लेकर उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए आरोपियों के खिलााफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।



## भाजपा राज में बेटियां,महिलायें और पत्रकार कोई भी सुरक्षित नहीं : दसौनी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने मीडियाकर्मी पर हुए जानलेवा हमले की कड़ी निंदा करते हुए राज्य में बेखौफ हो रहे शराब माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। कांग्रेस प्रवक्ता गरिमा दसोनी ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज भाजपा राज में कोई भी सुरक्षित नहीं है, ना ही महिलाएं और बेटियां सुरक्षित हैं ना ही पत्रकार सुरक्षित हैं। श्रीमती दसौनी ने कहा धर्मनगरी ऋषिकेश में आंवला न्यूज पोर्टल के संपादक योगेश डिमरी पर शराब माफियाओं ने जानलेवा हमला कर बुरी तरह से मारपीट की गई है। दसौनी ने कहा की योगेश लंबे समय से अवैध शराब की तस्करी पर रिपोर्टिंग कर रहे थे, जिसका नतीजा यह हुआ की कुछ अराजक तत्वों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। दसौनी ने उत्तराखंड के पत्रकार जगत से योगेश के समर्थन में और शराब माफियाओं के विरोध में एक जुट होने का आहवाहन किया है साथ ही राज्य सरकार से निवेदन किया है कि इस मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। गरिमा ने कहा कि चौथे स्तंभ का तो दायित्व ही होता है समाज में चल रहे अनैतिक और अवैध कार्यो को उजागर करना अगर इस तरह से पत्रकारों पर हमला किया जाएगा तो फिर अपनी



जान जोखिम में डालकर कौन पत्रकार सच जनता के सामने लाने का खतरा लेगा? दसौनी ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आज उत्तराखंड का माहौल बहुत ही क्षुब्ध करने वाला है जहां न महिलाएं सुरक्षित हैं और ना ही पत्रकार। दसोनी ने कहा कि यह दायित्व राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन का है कि वह प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत करें ताकि गुंडाराज ना पनपे। दसोनी ने कहा कि योगेश डिमरी पर इस तरह से हमला करने वालों की जल्द से जल्द धर पकड़ होनी चाहिए और हमलावरों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की कोई पुनरावृत्ति ना हो सके।गरिमा ने कहा की प्रदेश में अवैध शराब बिक्री रोकना किसका काम है ? लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर इस हमले से देवभूमि उत्तराखंड शर्मसार हो रहा है।

## ऋषिकेश में पत्रकार पर शराब माफियाओं के हमले के खिलाफ भारी आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

ऋषिकेश। धर्मनगरी ऋषिकेश में शराब माफियाओं द्वारा पत्रकार योगेश डिमरी पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। घटना को लेकर नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे उत्तराखण्ड) ने कड़ी निंदा करते हुए डीजीपी से आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोक चन्द्र भट्ट ने कहा कि रविवार सुबह इंदिरानगर में योगेश डिमरी के साथ हुई घटना लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है उन्होंने कहा कि जिस समय श्री डिमरी पर हमला हुआ वे शराब माफिया के विरूद्ध समाचार संकलन के लिए गये थे। वे शराब के अवैध करोबार को लेकर लगातार खबर कर रहे थे। उन्होंने कहा कि माफियाओं और अपराधी तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई न होने से राज्य में पत्रकारों पर हमले और उत्पीड़न की घटनायें लगातार बढ़ रहीं हैं।यूनियन की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप पाण्डे, सचिव गोपालदत्त गुरूरानी व हरपाल सिंह, प्रचार मंत्री हयात राम एवं पुष्पेन्द्र राणा, संगठन मंत्री गिरीश सिंह बिष्ट एवं जगदीश उपाध्याय, कोषाध्यक्ष शशि शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य धन सिंह बिष्ट, सुनील शर्मा, राजकुमार केसरवानी, अरूण कुमार मोगा, धर्मानन्द खोलिया, कुलदीप मटियानी, स्वराजपाल, नैनीताल की जिलाध्यक्ष दया जोशी एवं महासचिव, पूरन रूवाली, हरिद्वार की अध्यक्ष सुदेश आर्या एवं महासचिव मुकेश कुमार सूर्या, पौड़ी के अध्यक्ष जसपाल नेगी एवं महासचिव रतमणी भट्ट, बागेश्वर के जिलाध्यक्ष शंकर पाण्डेय,उपाध्यक्ष दीपक पाठक, अल्मोड़ा के अध्यक्ष दरवान सिंह रावत, महासचिव देवेन्द्र बिष्ट, उधमसिंहनगर के अध्यक्ष डीएल शर्मा एवं महासचिव सुरजीत बत्रा, चंपावत के अध्यक्ष जगदीश राय एवं महासचिव कमल किशोर जोशी आदि ने भी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। सभी ने डीजीपी को ईमेल कर अपरोपियों को यथाशीघ्र गिरफ्तार उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। यूनियन के द्वारा कहा गया है कि योगेश डिमरी पर हमले के दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिएए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।गौरतलब है कि योगेश डिमरी पर हुए जानलेवा हमले में उनके सिर और हाथ.पैर पर गंभीर चोट आई हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें घायलावस्था में अस्पताल पहुंचाया। इस समय वे एम्स ऋषिकेश में भर्ती हैं।



## मिर्ची स्प्रे छिड़क कर ज्वैलर्स के शोरूम में पांच करोड़ की डकैती,सीसीटीवी में हुए कैद बदमाश

हरिद्वार। बालाजी ज्वैलर्स में दिनदहाड़े पांच करोड़ की डकैती डालने वाले हथियारबंद सभी छह बदमाश कम उम्र के नौजवान बताए जा रहे हैं। उन्होंने बेखौफ अंदाज में पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया। छह की संख्या में बताए जा रहे यह सभी बदमाश स्कूटी और बाइक पर सवार होकर रानीपुर मोड़ चंद्राचार्य चौक बाजार के बाबा जी ज्वैलर्स शोरूम पर करीब सवा बजे पहुंचे। उन्होंने न तो अपने चेहरों पर नकाब लगाई हुई और न ही उन्होंने अपने वाहनों के नंबरों को छिपाने का कोई प्रयास किया था। बताया जा रहा है कि इनमें चार बदमाश एक-एक कर शोरूम के अंदर गए। शोरूम मालिक अतुल गर्ग ने बताया और सीसीटीवी फुटेज में भी आया कि शोरूम में सबसे पहले दो बदमाश घुसे। इस दौरान उनके साथी बाहर ही रहे। उन्होंने शोरूम कर्मियों से सोने का कड़ा खरीदने की इच्छा जताते हुए से कड़ा दिखाने को कहा। कड़ा देखने के बाद वह दोनों एक ओर बैठ गए। इसी बीच बाहर खड़ा उनका एक ओर साथी शोरूम के अंदर आया और पिछले हिस्से में बने काउंटर की ओर चला गया। इसी दौरान बदमाशों का एक अन्य साथी धड़धड़ाते हुए शोरूम में घुसा और घुसते ही उसने शोरूम के कैश काउंटर पर बैठे शोरूम मालिक अतुल गर्ग को अपशब्द कहते हुए उन पर गोली चला दी। अचानक हुए इस घटनाक्रम से शोरूम मालिक और शोरूम में सभी कर्मी भौचके रह गए, अभी वह कुछ समझ पाते कि पहले से शोरूम में मौजूद उनके साथियों ने पूरे शोरूम में मिर्ची स्प्रे कर दिया और चाकू निकाल लिया। मिर्ची स्प्रे के कारण शोरूम में मौजूद सभी दहशत में आ गए।



इस दौरान बदमाशों ने मिर्ची स्प्रे के प्रभाव से खुद को बचाने के लिए चेहरे पर रूमाल बांध लिया। इसके बाद बदमाशों ने शोरूम कर्मियों को डराते-धमकाते हुए उनसे शोरूम में रखे सोने के सभी जेवरात को साथ लाए पैकेट में भरवा लिया। जाते-जाते उन्होंने हथौड़े से शोरूम के शोकेस के शीशों पर तोड़ते हुए उसमें रखी ज्वैलरी की समेट ली। बताया गया कि गोली चलाने वाले बदमाश ने पूरे समय रिवाल्वर अपने हाथ में ही ले रखी थी, उसके अन्य साथियों ने हाथों में चाकू ले रखा था। लूटपाट के दौरान भी बदमाशों ने कोई उत्तेजना नहीं दिखाई और न ही किसी को चोटिल करने का कोई उपक्रम किया। उन्होंने भागते समय भी शोरूम कर्मियों पर मिर्ची स्प्रे किया। इसके बाद सभी बदमाश एक-एक कर आराम से शोरूम के बाहर निकले और स्कूटी और बाइक पर सवार हो भाग निकले। अचानक हुए इस हमले से सभी सकते में आ गए और मिर्ची स्प्रे से होने वाली जलन से परेशान हो गए। अनहोनी की आशंका में विरोध को लेकर उनकी हिम्मत पस्त हो गई और मालिक अतुल गर्ग सहित सभी ने बदमाशों के सामने एक तरह से सरेंडर कर दिया। इससे बदमाशों का काम आसान हो गया और वह आराम से पांच करोड़ की डकैती को अंजाम दे भाग निकले। बालाजी ज्वैलर्स शोरूम से महज पांच सौ मीटर की दूरी सिथत चंद्राचौक चौक पर हर समय रहने वाली ज्वालापुर थाने की पुलिस पिकेट और पुलिस कर्मियों को घटना की जानकारी ही नहीं हो सकी। पुलिस कर्मी अगर सतर्क रहते तो भागते हुए बदमाशों को पकड़ा जा सकता था। बालाजी ज्वैलर्स शोरूम में करोड़ों की डकैती डालने वाले तीन बदमाशों ने भागते समय जिस बाइक का इस्तेमाल किया, नंबर हरियाणा का बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि नंबर के आधार पर बदमाशों के हरियाणा होने का शक है।

# भाजपा नेता मुकेश बोरा पर विधवा से दुष्कर्म का केस दर्ज

## पीड़ित महिला ने लगाया नौकरी पर लगाने का झांसा देकर कई बार रेप करने और धमकाने का आरोप





हल्द्वानी/लालकुआं(उद संवाददाता)। लालकुआं के भाजपा नेता व नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष पर एक विधवा महिला का यौन शोषण करने का आरोप लगा है। महिला ने संघ के अध्यक्ष के खिलाफ शनिवार को तहरीर दी थी। जिसके बाद रविवार को भाजपा नेता मुकेश बोरा पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकेश बोरा के ड्राइवर पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएसपी पीएन मीणा ने कहा कि भाजपा नेता पर शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि महिला हल्द्वानी में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के पास अपनी आपबीती सुनाने के बाद महिला अधिवक्ता के साथ लालकुआं कोतवाली पहुंची थी। कोतवाली में महिला एसआई ने पीड़ित महिला की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर महिला के कलमबद्ध बयान दर्ज किए थे। मुकेश बोरा को यूसीडीएफ प्रशासक पद से हटा दिया गया है। इसका आदेश भी जारी हो गया है। गौरतलब है कि उत्तराखंड में महिलाओं के प्रति बढ़ते यौन शोषण के अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अभी कुछ समय पहले ही भाजपा के मंडल अध्यक्ष के द्वारा एक नाबालिग के साथ रेप की घटना सामने आई थी। इसके बाद मंडल अध्यक्ष को जेल जाना पड़ा था, वहीं एक और ताजा मामला सामने आ रहा है। नैनीताल जिले के दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा पर एक विधवा महिला ने नौकरी का झांसा तथा डरा धमका कर रेप करने का आरोप लगाया है। इसके बाद नैनीताल पुलिस ने भाजपा नेता के खिलाफ रेप और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि नैनीताल की लालकुआं विधान सभा के रहने वाले मुकेश बोरा जो कि दुग्ध संघ के अध्यक्ष है, उन पर दुष्कर्म के आरोप लगे हैं। मुकेश बोरा पर ये आरोप दुग्ध संघ में काम करने वाली एक विधवा महिला ने लगाए हैं। पीड़ित महिला ने नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। इधर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच के आदेश लालकुआं पुलिस को दे दिए। जिसके बाद आरोपी बीजेपी नेता पर रेप और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज हुआ है। लालकुआं कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत बिन्दुखत्ता निवासी एक विधवा महिला ने प्रदेश की धामी सरकार के वरिष्ठ भाजपा नेता पर नौकरी परमानेंट दिलाने का झांसा देकर उसे दुष्कर्म और शोषण का आरोप लगाया है। वहीं रविार को पीड़िता महिला ने मीडिया के सामने अपनी व्यथा सुनाई और सरकार से न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता के अनुसार भाजपा नेता मुकेश बोरा ने उसे अपने ऑफिस में बुलाया और डराया धमकाया और कहा कि अगर अपनी आवाज खोलेगी तो जान से मरवा दुंगा इसलिए तुझे चुप रहना होगा। महिला ने बताया कि उसके साथ कई बार रेप किया गया। उसके बाद मुकेश बोरा ने एक अन्य व्यक्ति के साथ भी संबंध बनाने का दबाव बनाया था। इस मामले में नैनीताल जिले के एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि मुकेश बोरा नाम के व्यक्ति के खिलाफ एक महिला ने रिपोर्ट दी है। हमने रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। इस जांच में जैसे तथ्य सामने आएंगे उसके हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

## दुग्ध संघ ने मुकेश बोरा को पद से हटाया,पार्टी करेगी निष्कासित

### पूर्व सीएम हरदा ने की कड़ी निंदा: बेटी बचाओ का नारा देने वालों से ही बेटियों को बचाना पड़ेगा

देहरादून। बीजेपी नेता के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज होने के के बाद दुग्ध संघ ने मुकेश बोरा को उनके बाद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। वहीं अभी तक बीजेपी की और से कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही मुकेश बोरा को पार्टी निष्कासित कर सकती है। मुकेश बोरा के खिलाफ रेप का मामला दर्ज होने के बाद बीजेपी की तरफ से भी प्रतिक्रिया सामने आई है। बीजेपी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा है कि ये भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। इसमें कोई भी अपराधी बख्शा नहीं जाएगा चाहे वो कोई भी हो किसी भी दल से हो। हम महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर हमेशा से सख्त हैं। बीजेपी की सरकार महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को हर हाल में रोकना चाहती है, किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं भाजपा के नेता पर विधवा महिला को नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाने के मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा है कि बीजेपी के लोग उद्दंड हो गए हैं। लगातार इस प्रकार के मामलों में उनके नाम सामने आ रहे हैं। सबसे पहले वन्तारा रिसोर्ट का मामला सामने आया, अंकिता भंडारी हत्या कांड में बीजेपी नेताओं का नाम सब से पहले सामने आया। वहां से ये सिलसिला शुरू हुआ, उसके बाद हरिद्वार में एक नाबालिग की हत्या और रेप की घटना में बीजेपी नेता का नाम सामने आया। फिर रुद्रपुर में नर्स की हत्या में बीजेपी नेताओं का नाम और उसके बाद सल्ट में उनका मंडल अध्यक्ष नाबालिग के साथ अत्याचार करते पकड़ा गया। अब ये हल्द्वानी में बीजेपी नेता के द्वारा रेप का मामला सामने आया वो भी विधवा महिला के साथ बीजेपी के नेताओं के नाम इस प्रकार की घटनाओं में सामने आ रहे हैं जो कि एक बड़ी चिंता की बात है। बेटी बचाओ का नारा देने वालों से ही बेटियों को बचाना पड़ेगा अब। इसके साथ ही उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष करन महारा ने प्रेस कांफ्रेंस कर उत्तराखंड में लगातार बढ़ रहे महिला अपराधों को लेकर भाजपा सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा महिला अपराधों में भाजपा के पदाधिकारी और नेता शामिल हैं। सरकार के दबाव में पुलिस भाजपा नेताओं पर कार्रवाई नहीं कर रही है। प्रदेश में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं और अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। लालकुआं में महिला के शोषण में पुलिस को भाजपा नेता पर मुकदमा दर्ज करने में 24 घंटे का समय लग गया।

## कांग्रेस नेताओं ने दुष्कर्म के आरोपी भाजपा नेता का पुतला फूंका, शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग



हल्द्वानी। सत्ता में अच्छी पकड़ रखने वाले लालकुआं नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष पर एक महिला ने दुष्कर्म के आरोप लगाये हैं। जिसके बाद पुलिस ने बीजेपी नेता के खिलाफ धारा 376 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। बीजेपी नेता पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज होने के बाद कांग्रेस ने भी मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेसियों ने अब अध्यक्ष के इस्तीफे के साथ ही गिरफ्तारी की मांग की है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहारा ने प्रदेश की कानून व्यवस्था और महिला अपराधों को लेकर राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष पर रेप का मुकदमा दर्ज हुआ है। उन्होंने कहा देश में लगातार महिला अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। महिला सुरक्षा के साथ ही राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। लाल कुआं में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर प्रदर्शन कर लालकुआं नैनीताल दुग्ध संघ अध्यक्ष का पुतला फूंका। साथ ही पुलिस से गिरफ्तारी की मांग की। वही इस घटना के बाद से हल्द्वानी में भी कांग्रेसियों में आक्रोश देखा जा रहा है। महिला कांग्रेस के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेसी बुद्ध पार्क पहुंचे। जहां लालकुआं नैनीताल दुग्ध संघ अध्यक्ष का पुतला फूंका गया। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष भुवन पांडे के सयुंक्त नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर में जुलुस निकालकर नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया। आक्रोशित कांग्रेसियों ने कहा प्रदेश में लगातार महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। इन घटनाओं में अधिकतर भाजपा नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया भाजपा नेताओं के लगातार महिला अपराधों के मामलों में नाम सामने आने पर भी सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। कांग्रेसियों ने कहा भाजपा बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा तो दे रही है लेकिन भाजपा के लोग ही महिलाओं के साथ अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

## पति के निधन के बाद गई थी नौकरी मांगने, होटल में बुलाकर किया दुष्कर्म

### चालक के वाट्सएप चैट भी पुलिस को सौंपी

लालकुआं। लालकुआं के एक वरिष्ठ भाजपा नेता पर महिला कर्मी ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला ने तहरीर देते हुए कहा कि कुछ वर्ष पूर्व उसके पति का निधन हो गया था। वर्ष 2021 में रोजगार की तलाश में आरोपित नेता के पास गई। आरोपित ने उसे आउटसोर्स के माध्यम से नौकरी पर रखवा दिया। कुछ समय बाद आरोपित नेता ने उसे आफिस में बुलाकर कहा कि वह नियमित नौकरी दिलवाने की सोच रहा है। इसके लिए उसका फोन नंबर ले लिया। 10 नवंबर 2021 आरोपित ने उसे नौकरी में नियमित करने के लिए वार्ता को काठगोदाम नरीमन चौराहा के पास स्थित एक होटल में बुलाया। जब वह वहां पहुंची तो होटल में सिर्फ आरोपित ही था, आरोपित ने नियमित नौकरी दिलाने का भरोसा देकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। यह बात किसी को बताने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी। नौकरी जाने व लोक लाज के कारण वह चुप रही। इसके बाद भी आरोपित नेता ने उसे अपने कार्यालय में बुलाकर गलत जगह छूआ और धमकी दी कि उसके पास होटल में उसकी होटल वाली अश्लील फोटो और वीडियो हैं। वीडियो वायरल करने के नाम पर आरोपित ने 26 दिसंबर 2021 समेत कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद भी जब आरोपित ने शारीरिक संबंध बनाने को कहा तो उसने मना कर दिया। इस पर आरोपित ने अपने चालक के माध्यम से उसे जान से मारने की धमकी दिलवाई। उसने चालक की ओर से दी गई धमकी की वाट्सएप चैट भी पुलिस को सौपी है। कोतवाल डीएस फर्त्याल के अनुसार पीड़िता ने पुलिस के समक्ष बयान दर्ज करा दिए हैं।




# देवभूमि में भाजपा नेताओं से चेली ब्वारी बचाओ: माहरा



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहर ने यहां प्रेसवार्ता कर प्रदेश वासियों से भाजपा नेताओ से चेली–ब्वारी बचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा राज मे देवभूमि की अस्मिता खतरे में पड़ गयी है। बेटी बचाओ का नारा देने वाले ही बेटियों को नोच रहे है। महिलाओं के साथ अपराध के मामलों में हिमालयी राज्यो मे उत्तराखंड पहले स्थान पर है। महिला अपराध साल दर साल बड़ रहे है, जिसमें भाजपा नेताओं का भी सहयोग है। ये धामी सरकार के कार्यकाल की मुख्य उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि विगत 2 माह में ही नैनीताल जिले के हल्द्वानी और रामनगर क्षेत्रो में ही 24 से अधिक महिला अपराध से जुड़े मामले मीडिया के माध्यम से उजागर हुवे है तो सोचिए पूरे प्रदेश का क्या हाल होगा। करन माहरा ने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जाँच क्यो नही हो रही, क्यो एक साल बीत जाने के उपरांत भी अंकिता न्याय से वंचित है। समय रहते अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जाँच होती और वीवीआईपी व्यक्ति का नाम सामने आ जाता तो कई भाजपा के सफेदपोश नेताओ के नाम सार्वजनिक होते। अंकिता भंडारी सहित ऐसे सैकड़ो मामले है जो न्याय की राह देख रहे है।महिला अपराधों पर भाजपा का दोहरा नजरिया और राजनीति बिल्कुल सही नही है। दोषियों पर सख्त कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित हो।प्रदेश में महिलाओं पर बढ़ते अपराधों पर भाजपा महिला मोर्चा का चुप रहने पर अफसोस व्यक्त करते हुवे करन माहरा जे कहा कि भाजपा महिला नेत्रियां निर्भया केस के समय सड़क पर उतर कर जोरदार विरोध प्रदर्शन कर रही थी अब जब भाजपा नेताओं पर ही महिला उत्पीड़न के आरोप साबित हो रहे है उस पर महिला नेत्रियां मौन उपवास पर चली गयी है और जब वह प्रदेश की अस्मिता के लिए पदयात्रा निकालते हैं तो यही महिला मोर्चा पुतले दहन कर मौन उपवास तोड़ देता है, जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है।प्रदेश की कानून व्यवस्था बेदम है। अपराधियों के हौसले बुलंद है। देवभूमि अपराधियों की ऐशगाह बन कर रह गयी है। खुले आम दिनदहाड़े, डकैती, लूटपाट और हत्याएं, बलात्कार किये जा रहे है। कानूनी कार्यवाही में देरी और ढिलाई से अपराधियों के हौसले बुलंद है। उधमसिंह नगर नर्स हत्याकांड प्रकरण पर एसएसपी उधमसिंह नगर के बयान पर आपत्ति दर्ज करते हुवे करन माहरा ने कहा कि जब कानून के रक्षक ही इस प्रकार की बाते करने लग जाये तो विकृत मानसिकता के लोगो को बल मिलेगा ही। जिम्मेदार पुलिस अधिकारी बेतुके बयान दे कर अपनी जिम्मेदारी से मुँह नही मोड़ सकते। मुख्यमंत्री धामी इस मामले का तुरंत संज्ञान ले एसएसपी उधमसिंह नगर को जवाब तलब करे और उनसे सार्वजनिक माफी मंगवाए।बनभूलपुरा प्रकरण भी शासन प्रशासन की नाकामी का ही परिणाम है। शासन प्रशासन की नाकामी के कारण देवभूमि देश दुनिया में शर्मसार हुयी है, जिसका खामियाजा आम जनता ने भुगता है। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, हरीश मेहता, सतीश नैनवाल, भोला दत्त भट्ट, प्रकाश पांडे, सुहैल सिद्दीकी, राजेन्द्र बिष्ट, हेमन्त बगडवाल, मोहन बिष्ट भागीरथी बिष्ट, जया कर्नाटक, राधा आर्य, नीरज तिवारी, मनोज बिष्ट, आशीष कुडाई, प्रदीप बिष्ट, गिरिजा तड़ागी, उदित करायत आदि उपस्थित रहे।

## वाल्मीकि समाज ने सीएम धामी का किया स्वागत



खटीमा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के शहीदों के सम्मान में खटीमा पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का वाल्मीकि समाज एवं पर्यावरण मित्रों ने मुख्य चौराहा पर मुख्यमंत्री धामी का पगड़ी पहनाकर साथ ही पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। साथ ही उत्तराखंड की राज्य की लड़ाई लड़ने वाले राज्य आंदोलनकारियों को आंदोलनकारी को 10% क्षैतिज आरक्षण देने। पर्यावरण मित्रों का वेतन 7000 से 15000 करने राज्य की सरकारी नौकरी में 33% महिलाओं के निर्णय पर हाथ में पोस्टर व तख्तियां लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों के प्रांतीय नेता पूर्व दर्जा राज्य मंत्री संतोष गौरव, अनिल कुमार, नीरज कुमार,राकेश कुमार,राजा, विनोद कुमार, विजय पंकज, रामू, श्याम, विक्की, विक्रम, श्रीमती जय एवं श्रीमती गणेश देवी ललिता देवी, किलो देवी, श्यामवती, कलावती, रूपा देवी, नीतू सिंह सैकड़ो संख्या में वाल्मीकि समाज व पर्यावरण मित्रों ने जुलूस निकाला।

## महिलाओं संग हो रहे अत्याचार के खिलाफ निकाली रैली



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हर जगह महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और हत्याकांड और अन्य महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मुखानी से शहीद पार्क तक एक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल एकता व्यापार मंडल, वसुध ैव कुटुंबकम जनहित फाऊंडेशन, देवभूमि फार्मासिस्ट ऐसोसिएशन उत्तराखंड के समस्त पदाधिकारियों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में एक जुट हो कर गुनहगारों को कठोरतम दंड देने की अवाज उठाई। रैली संयोजक कुमाऊं मंडल अध्यक्ष भुवन भट्ट व संजय त्यागी के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा, अनुज कांत अग्रवाल, संजय त्यागी, अतुल गुप्ता, अमित चौहान, डिम्पल पांडे, प्रदीप जोशी, चंदन सिंह बिष्ट, बालम जोशी, दीपक जोशी, रोहित कर्मयाल, राहुल जोशी, वासुदेव कुटुम्बकम अध्यक्ष दीपा जोशी, डॉ भावना गुप्ता, आकांक्षा, नीतू त्यागी, रजनी पांडे, सुमन रावत, तनिष्क त्यागी, देव, शिवानी कांडपाल, मेघा जोशी, ज्योति अवस्थी, काजल खत्री, ज्योति अवसथी, राशि जैन, मंजू शाह, योगिता बनोला, अंजली, लव बक्शी आदि ने बढ़–चढ़कर पैदल पद यात्रा में भाग लेकर महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर आवाज उठाई।

## जु–जित्सू खिलाड़ी कमल और जयप्रकाश को मिली खेल छात्रवृत्ति

### दोनो खिलाड़ियों को जिला जु जित्सू संघ ने किया सम्मानित



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला जिला जू जित्सु एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें खेल विभाग उत्तराखंड द्वारा जूख्रजित्सु खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति मिलने पर जिला जू–जित्सु संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने दोनो खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर सम्मानित करते हुए बधाई दी। अध्यक्ष भारत भूषण ने कहा कि जनपद के जू–जित्सु खिलाड़ी लगातार राज्य, राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवा रहे हैं। और खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को उजागर करने हेतु जिला जु–जित्सू संघ द्वारा सजक प्रयास किए जा रहे है। ओर उन्होंने आगे कहा कि उत्तराखंड राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्य के दिशा निर्देशन में खेल क्षेत्र में खिलाड़ियों के हित में कई फैसले लिए जा रहे हैं जिनका लाभ खिलाड़ियों को प्राप्त हो रहा है। प्रशिक्षक एवं महासचिव ऋषि पाल भारती ने कहा कि जू–जित्सु खेल, खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया साई द्वारा मान्यता प्राप्त है। चीन के होंगझाऊ में आयोजित हुए 19वें एशियाई खेलों में भारत देश का प्रतिनिधित्व करने पर कमल सिंह को उत्तराखंड खेल विभाग द्वारा सात लाख पचास हजार रूपए एवं थाईलैंड में अयोजित हुई सातवीं एशियन जूख्रजित्सु चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर जय प्रकाश को दो लाख पचास हजार रुपए की प्रोत्साहन छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला जुजित्सु एसोसियेशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव विनय जोशी, रसिका सिद्दीकी, जिला डीएसओ जानकी कार्की, जुख्रजित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के उपाध्यक्ष जॉनी हिराम, शोभा तिग्गा, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, कैनाथ लाल, कृष्ण साना, कृष्ण चौहान, देवेंद्र रावत, विनोद लखेरा,शंकर सिंह बसेरा, सुखदेव सिंह, राजीव राणा, विजय गिरध्र, सतनाम चावला, रघु रावत, वसीम खान, यतेंद्र कुमार, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र सिंह, शेखर सक्सेना, अपूर्व मनोहर सिंह, जगविंदर सिंह, अजय शर्मा राज कोली, सहित अनेकों अभिभावक गण एवं खेल प्रेमी लोगों ने बधाई दी।

## भारतीय किसान संघ के कृष्ण तिवारी जिलाध्यक्ष बने

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय किसान संघ का जिला अधिवेशन सरस्वती बाल विद्या मन्दिर, इन्द्रा कालोनी में आयोजित हुआ। जिसमें निर्वाचन अधिकारी के रूप में कुशल पाल उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व की जिला कार्यकारिणी को भंग करके नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे श्री कृष्ण काँधां तिवारी को पुन: भारतीय किसान संघ का जिला अध्यक्ष चुना गया। जबकि मन्त्री योगेश तिवारी को बनाया



गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष बलविन्दर सिंह व ब्रहघ्मानन्द तिवारी, मन्त्री योगेश तिवारी, सहमंत्री प्रदीप सिंह व राकेश राय, कोषाध्यक्ष श्याम सिंह, युवा प्रमुख श्रवण सिंह, महिला प्रमुख मंजू कैथोला, बीज प्रमुख महामाया मिश्रा, सदस्य रवीता ठाकुर, निर्मला पाठक, उमेश मणि तिवारी, रमेश राय चुने गए। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मन्त्री सुकरम पाल राणा एवं प्रगतिशील किसान विरेन्द्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## शबद कीर्तन कर संगत को किया निहाल



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिब में चल रहे कार्यक्रमो के तहत गत रात्रि रागी जत्थे भाई जगजीत सिंह,सहजपाल सिंह पटियाला वाले, ज्ञानी गुज्जर सिंह असद, ज्ञानी नरेंद्र जी सिंह करनाल वाले द्वारा क्रमवार शब्द कीर्तन किये गये। साथ ही श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में अरदास कराई गई। जिसके बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब से प्रभात फेरी निकाली गई। जो गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर धोबी घाट, रेलवे फाटक, शास्त्री कुंज, सतपाल मोटर वाली गली, नगर निगम के सामने से निकल कर नैनीताल रोड, शखावत गंज हनुमान जी मंदिर वाली गली से यू ट्रन कर नैनीताल रोड आकर श्री गुरु तेग बहादुर मार्ग, गंगा कॉलोनी से तिकोनिया होकर ठंडी सड़क मार्ग से गुरुद्वारा श्री गुरु नानकपुरा तक पहुंचें। सभी महिलाएं,पुरुष,बच्चे के साथ प्रबंधक कमेटी सभी धर्म प्रेमी जनता कार्यक्रम में अपनी भागीदारी कर गुरु घर की आशीष प्राप्त की तथा सभी को धन्यवाद आभार प्रकट किया। इस मौके पर मुख्य सेवादार रणजीत सिंह नागपाल, सचिव हरविंदर सिंह कुकरेजा, उपाध्यक्ष फतेह सिंह,बीमिडिया प्रभारी दलजीत सिंह दल्ली,इंद्रजीत सिंह ट्विंकल, अमरजीत सिंह बिंद्रा , परविंदर सिंह प्रिंस, कुलजीत सिंह नागपाल, परमजीत सिंह पम्मा, राजा नागपाल,डॉ हरभजन सिंह, चरणजीत सिंह सेठी, देवेन्द्र पाल सिंह नागपाल, सतपाल सिंह, बलजीत सिंह, पवनप्रीत सिंह, चरणजीत सिंह जीता, सुमित नागपाल आदि धर्म प्रेमी सात संगत मौजुद रही। गत रात्रि शहर के समुह गुरुद्वारों के कीर्तन जत्थे समुहिक रूप से कीर्तन करके गुरु का जस गायन किया।

## महिला कांग्रेस ने फूंका भाजपा सरकार का पुतला



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लालकुआं दुग्ध संघ की दुष्कर्म पीड़ित महिला को सम्पूर्ण न्याय दिलाने और आरोपी भाजपा नेता की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर महिला कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन कर भाजपा सरकार का पुतला फूंका। साथ ही गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। महानगर महिला अध्यक्ष मधु संगुड़ी और महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष जया कर्नाटक ने कहा कि प्रदेश में आये दिन महिलाओं बेटियों, बच्चियों के खघ्लिाफ बलात्कार और उत्पीड़न के मामले लगातार बड़ रहे हैं। भाजपा की सरकार जो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती थी आज वही भाजपा महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने में पूर्ण तरह नाकाम साबित हो रही है। कई मामलों में भाजपा नेताओ के नाम प्रमुखता से सामने आ रहे है और सत्ता के दबाब मे दोषी भाजपा नेताओं पर कानूनी कार्यवाही होने पर काफी समय बीत जा रहा और सरकार द्वारा उनको बचाने की भरसक कोशिश की जाती रही है।जिला अध्यक्ष राहुल छिम्मवाल और महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि जिस तरह महिलाओं के उत्पीड़न के मामलों में भाजपा नेताओ का लगातार नाम आ रहा है उससे भाजपा का चाल और चरित्र उजागर होता जा रहा हैं। ऐसा लगता हैं कि सरकार खघ्द दोषियों को संरक्षण दे रही हैं।प्रदर्शन करने वालों में राधा आर्य, शारदा बमेठा, भगवती जोशी, निर्मला जोशी, गीता बहुगुणा,मीमांशा आर्य,सविता गुरुरानी, रामा शर्मा, शशि आर्य, भावना आर्य, शिवानी, राजो टंडन, पुष्पा तिवारी, रजनी, बसंती, सुनीता, भगवती आदि थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# महिला सुरक्षा के कड़े कानून

महिला सुरक्षा को लेकर चौतरफा गहरा असंतोष है। कोलकाता महिला चिकित्सक बलात्कार और हत्या कांड के बाद महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों को कड़ाई से लागू करने और यौन उत्पीड़न संबंधी मामलों में त्वरित कार्रवाई की जरूरत फिर से रेखांकित की जा रही है। कोलकाता में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। उस घटना पर हर राजनीतिक दल और बड़ा नेता अपनी संवेदना व्यक्त कर चुका है। राष्ट्रपति ने भी कहा कि अब बहुत हो चुका, ऐसी घटनाएं किसी भी रूप में रुकनी ही चाहिए। अब प्रधानमंत्री ने जिला न्यायालयों के न्यायाधीशों के सम्मेलन में उनसे अपील की कि महिला और बाल उत्पीड़न संबंधी मामलों में वे शीघ्र सुनवाई करें, ताकि उन्हें इंसाफ मिल सके और अपराधियों में खौफ पैदा हो। हकीकत यही है कि बलात्कार और बाल यौन उत्पीड़न जैसे मामलों पर नकेल कसना इसीलिए मुश्किल बना हुआ है कि अपराधियों में कानून का भय पैदा नहीं हो सका है। निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों को और सख्त बनाया गया था। बाल यौन शोषण के विरुद्ध पाक्सो कानून बना था, जिसमें आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी और जमानत तक न देने का कड़ा प्रावधान किया गया। मगर उन कानूनों का भय कहीं नजर नहीं आता। कड़े कानून बना देने भर से अपराधों पर लगाम लगने का भरोसा पैदा नहीं किया जा सकता। इसके लिए जरूरी है कि उन्हें सही तरीके से अमल में लाया जाए और न्यायालयों में शीघ्र निर्णय हो। मगर हकीकत यह है कि महिला उत्पीड़न संबंधी ज्यादातर मामलों में समय पर कार्रवाई नहीं हो पाती। बहुत सारे मामलों में तो प्राथमिकी दर्ज करने में ही कई दिन लग जाते हैं। इस तरह बलात्कार जैसे मामलों में जरूरी सबूत भी ठीक से उपलब्ध नहीं हो पाते। फिर, जांचों में पुलिस इतना विलंब कर देती है कि सुनवाई वर्षों तक चलती रहती है। इसके अलावा सबसे चिंता की बात यह है कि बलात्कार के मामले में दोष सिद्धि की दर बहुत न्यून है। सबूतों के अभाव में अपराधी छूट जाते हैं। पाक्सो जैसे कानून में भी अनेक बार देखा गया है कि रसूखदार आरोपियों के मामले में पुलिस गिरफ्तारी तक को टालती रहती है। फिर गवाहों और पीड़िता तक को डरा-धमका या लोभ-लालच देकर बयान पलटने पर मजबूर कर दिया जाता है। इन स्थितियों से अदालतें अनजान नहीं हैं। मगर आमतौर पर निचली अदालतें उस तरह पुलिस पर जांचों में तेजी और निष्पक्षता लाने का दबाव नहीं बना पातीं, जिस तरह कई बार ऊपरी अदालतें करती हैं। फिर, अदालतों पर मुकदमों का बोझ अधिक होने की वजह से मामलों की सुनवाई लंबे समय के लिए टलती रहती है। महिला यौन उत्पीड़न के मामलों में प्रावधान किया गया कि उन्हें त्वरित अदालतों में निपटाया जाए। साल भर के भीतर उन पर फैसला देने का प्रयास हो। मगर जो मामले खूब विवादों और चर्चा में रहते हैं, उनकी सुनवाई भी जल्दी पूरी नहीं हो पाती। जिन देशों में आपराधिक मामलों में सख्त और तेज कार्रवाई होती है, वहां अपराध की दर काफी नीचे देखी जाती है। महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध देश के किसी भी हिस्से में हो, अगर पुलिस तुरंत सक्रिय होकर कार्रवाई करे, जिला अदालतें महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में सख्ती और तत्परता दिखाएं, तो ऐसी आपराधिक प्रवृत्तियों पर लगाम लगाना आसान हो जाएगा। कानून का भय अपराध को रोकने में सबसे कारगर उपाय होता है।

# खिलाड़ियों को उचित अवसर दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: रेखा

## खेल मंत्री ने किया विक्टोरिया प्रीमियर लीग 2024 का उद्घाटन

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या अल्मोड़ा के हेमवंती नंदन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंची जहां विक्टोरिया क्रिकेट संबोधित करते हुए खेल मंत्री ने खिलाड़ियों और आयोजकों को टूर्नामेंट की बधाई दी। मंत्री रेखा आर्या ने कहा उत्तराखंड सरकार और खेल विभाग प्रदेश प्रदेश सरकार के द्वारा खेल विश्व विद्यालय को मंजूरी देने से उच्च शिक्षा के लिए प्रदेश के खिलाड़ियों को दूसरे प्रदेशों का रुख नहीं करना पड़ेगाकैबिनेट मंत्री बचाने का संकल्प लियाइस अवसर पर रवि रौतेला पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अल्मोड़ा महेश नयाल जिला पंचायत सदस्य, विनीत बिष्ट पूर्व जिलामंत्री





क्लब के सदस्यों ने कैबिनेट मंत्री का पुष्पगुछ भेंट कर स्वागत किया। खेल मंत्री रेखा आर्य ने हेमवंती नंदन बहुगुणा जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर बहुगुणा जी को नमन किया । इस अवसर पर मंत्री आर्या ने विक्टोरिया प्रीमियर लीग की ट्रॉफी का अनावरण कर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया खिलाड़ियों को के खिलाड़ियों का विकास और अच्छी खेल सुविधाएं देने के लिए लिए लगतार प्रयासरत है, जिसका परिणाम है उत्तराखंड उन गिने चुने राज्यों में शामिल हुआ है जहां प्रदेश के खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न जाकर नौकरी देने का काम किया है। राज्य सेवाओं में प्रदेश के खिलाड़ियों को 4% आरक्षण देना और ने कहा खेल विश्वविद्यालय मिलने से प्रदेश के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं मिलेंगी और उत्तराखंड आने वाले समय में खिलाड़ियों का हब बनने जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान खेल मंत्री ने खिलाड़ियों को हिमालय बचाने की शपथ दिलाई । काबीना मंत्री के साथ सैकड़ों खिलाड़ियों और लोगों ने हिमालय ,मनोज जोशी नगर महामंत्री, मनोज पवार आयोजक विक्टोरिया क्रिकेट क्लब ,लियाकत अलीखान कोच, धर्मेंद्र बिष्ट जिलामहामंत्री ,सौरभ वर्मा पूर्व सभासद,आनंद भोज उपाध्यक्ष टैक्सी यूनियन,भैरव गोस्वामी पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष, अमरनाथनेगी, अरुण बंग्याल उप जिला क्रीड़ा अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# संपूर्णता अभियान के तहत मनाया राष्ट्रीय पोषण सप्ताह

## 16 महिलाओं की गोद भराई और 10 का अन्नप्राशन कराया

गदरपुर (उद संवाददाता)। कैलाशपुरी में प्रधान प्रतिनिधि हर्षपाल बंटी के निवास पर आयोजित राष्ट्रीय पोषण सप्ताह कार्यक्रम का बतौर मुख्य





अतिथि विधायक अरविंद पांडे ने शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा प्रदेश सरकार का उद्देश्य कुपोषण को समाप्त करना है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने का कार्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता करती हैं। उन्होनें कहा कि जिस तरह इंजन को चलने के लिए पेट्रोल की जरूरत होती है, वैसे ही हमारे शरीर को कार्य करने के लिए आहार की जरूरत होती है लेकिन शरीर स्वस्थ व निरोगी रहे, हर आयु में उसका विकास सतत रहे तथा शरीर के सभी तंत्र व प्रणालियां सही तरह से कार्य करें, इसके लिए बहुत जरूरी है शरीर को जरूरी मात्रा में पोषण मिलता रहे। भारत में प्रतिवर्ष 1 से 7 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है, यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई पहल है। खंड विकास अधिकारी अतिया परवेज ने कहा कि क्षेत्र में कुपोषण समाप्त हो इसके लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम में डॉक्टर प्रशांत चौहान ने कहा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रत्येक घर और प्रत्येक महिला के पास जाकर कुपोषण से होने वाली बीमारियों से अवगत कराती हैं। सीडीपीओ बीना भण्डारी ने बताया जिस प्रकार विभाग कुपोषण को समाप्त करने का प्रयास कर रहा है उसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं मिलकर सहयोग करती हैं। कार्यक्रम के दौरान 16 महिलाओं की गोद भराई की रस्म और 10 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम का संचालन परियोजना निदेशक आईएसडी संस्था बिंदु वासिनी के ने किया। इस अवसर पर कैलाशपुरी की प्रधान मनजीत कौर, राधा बिष्ट, डॉ कल्पना, प्रेरना रावत, मीना, गीता,परवीन बिमला, दीपा, उप्रेती आदि मौजूद रहे।

# कल कौसानी पहुंचेंगे पूर्व सीएम हरदा

गरुड़(उद संवाददाता)। ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष गिरीश कोरंगा ने बताया कि उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत एक दिवसीय भृमण पर तीन सितंबर को कौसानी पहुचेंगे।वही पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के एक दिवसीय भ्रमण पर कौसानी पहुँचने की सूचना पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। पूर्व विधायक ललित फर्श्वाण ने सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के भीष्म पितामह समझे जाने वाले लोकप्रिय जननेता हरीश रावत के स्वागत के लिए कौसानी में भगवती पैलेस में पहुंचने की अपील की। पूर्व मुख्यमंत्री रावत वहाँ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। वही सभी कांग्रेसी नेता पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए तैयारियों में जुट गए हैं।

# रजिस्ट्री फर्जीवाड़े में ईडी ने आरोपियों के ठिकानों से जब्त किए 24 लाख नकद और 58 लाख के गहने

देहरादून। 400 करोड़ रुपये से अधिक के रजिस्ट्री फर्जीवाड़े में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने आरोपियों के घर से कैश और गहने जब्त किए हैं। इनमें 24.50 लाख रुपये नकद और 58.80 लाख रुपये के गहने शामिल हैं। आरोपियों के बैंक खातों में जमा 11.50 लाख रुपये भी फ्रीज कराए गए हैं। इसके अलावा ठिकानों से कई फर्जी दस्तावेज भी बरामद हुए, जिनकी जांच चल रही है। बता दें कि दो दिनों की कार्रवाई के बाद रविवार को ईडी की ओर से यह अधिकृत जानकारी जारी की गई है। पिछले साल जुलाई में रजिस्ट्री फर्जीवाड़ा सामने आया था। अधिवक्ता कमल विरमानी, इमरान खान, सहारपुर के केपी सिंह आदि ने मिलकर यहां बड़ा फर्जीवाड़ा किया था। लोगों की जमीनों के फर्जी दस्तावेज बनाए और उन्हें अपने परिचितों के माध्यम से बेचकर करोड़ों रुपये का घपला किया। मुख्यमंत्री के आदेश पर दो एसआईटी (एक प्रशासन और पुलिस स्तर पर) बनाई गईं। पुलिस ने पूरे प्रकरण में जांच के बाद कुल 13 मुकदमे दर्ज किए थे। इनकी जानकारी इसी साल जनवरी में ईडी के साथ भी साझा की गई। ईडी ने प्राथमिक जांच के बाद आरोपियों के घरों पर छापे मारे। ईडी ने देहरादून, उत्तर प्रदेश के बिजनौर व सहारपुर, पंजाब के लुधियाना, दिल्ली और आसाम के बोंगेगांव में आरोपियों के घर छापे मारे। ईडी की यह कार्रवाई दो दिनों तक चली। ईडी की ओर से बताया गया है कि इन आरोपियों के घरों और कार्यालयों से 24.50 लाख रुपये नकद, 58.80 लाख रुपये के जेवरात जब्त किए गए। खातों में जमा 11.50 लाख रुपये फ्रीज किए गए। ईडी की जांच अभी जारी है। बताया जा रहा है कि जल्द ही ईडी इसमें अगली कार्रवाई के तौर पर कुछ लोगों को गिरफ्तार भी कर सकती है।

# दो लाख नहीं लाने पर गर्भवती का उत्पीड़न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विवाह के बाद दुकान खोलने को और दो लाख रूपये की दहेज मांग कर ससुरालियों द्वारा गर्भवती विवाहिता का उत्पीड़न किया गया। पीड़िता ने ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। दर्ज रपट में पीड़िता का कहना है कि वह वर्तमान में अपलने मायके रह रही है और गर्भवती है।उसका विवाह राहुल बैरागी पुत्र विकास बैरागी निवासी ग्राम विजयनगर, चिन्तापाडा, कालीनगर थाना दिनेशपुरके साथ 31.01.2024 को हुआ था। विवाह में करीब 04 लाख रूपये कर्ज लिया गया। । पति राहुल बैरागी, ससुर विकास बैरागी, सास पार्वती बैरागी शादी के एक माह बाद से ही कम दहेज लाने के लिये तंग करने लगे और कहने लगे कि हमें दहेज में दुकान खोलने के लिये 2 लाख रूपये नकद लाकर दें वर्ना इस घर में सुखचौन से रहने नहीं देगें। उसने पति एवं ससुराल वालो को समझाने के प्रयास किये परन्तु उक्त सभी लोग दहेज की मांग दोहराते हुये उसका शारीरिक, मानसिंक एवं आर्थिक उत्पीडन करने लगे । जब गर्भवती हो गयी तो सास व ससुर पति से कहने लगे इसका गर्भ गिरा दें। जब तक यह हमारी दहेज की मांग पूरी नहीं कराती, यह मां नहीं बन सकेगी। उसको मारपीट कर गर्भ गिराने का प्रयास किया और घर से निकाल दिया। 28.05.2024 को थाना दिनेशपुर में तहरीर दी जिस पर पति एवं ससुराल वालो द्वारा कानूनी कार्यवाही से बचने के लिये समझौता कर लिया और षडयंत्र के तहत पति उसको लेकर किराये के मकान में लेकर रहने लगा। किराये के मकान में उसे अकेला छोडकर चला गया । 14.07.2024 को वह कमरा खाली कर अपने मायके आ गई। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर ली है।

# भंतोला गांव के दीपक जोशी वित्त अधिकारी व पंकज जोशी खंड विकास अधिकारी बने

कांडा(उद संवाददाता)। कांडा तहसील क्षेत्र के दो युवाओं ने अपनी मेहनत से पीसीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।तहसील क्षेत्र के पंकज जोशी और दीपक जोशी ने राजपत्रित अधिकारी बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।28 वर्षीय दीपक जोशी की प्राथमिक शिक्षा भंतोला गांव के स्कूल से हुई जबकि आगे की पढ़ाई रानीखेत से हुई। देहरादून से बीटेक ( कम्प्यूटर साइंस)किया। तैयारी में लगे थे। दूसरी कोशिश में ही सफलता प्राप्त कर ली।पिताजी सेना के सेवानिवृत्ति सुबेदार रमेशचंद्र जोशी गांव में ही रहते हैं जबकि माता पम्पी जोशी गृहणी है।पंकज जोशी 29 के पिताजी डां गिरीश चंद्र जोशी प्रवक्ता संस्कृत राइका डिनापानी में कार्यरत सुशीला जोशी जो कि अल्मोड़ा में ही निवास करते हैं। पंकज जोशी की प्राथमिक शिक्षा से लेकर इंटर तक की पढ़ाई अल्मोड़ा में सम्पन्न हुई। बीटेक (सिविल) द्वाराहाट से वर्तमान में जेएनयू से पीएचडी ( राजनीति विज्ञान) कर रहे हैं। पंकज जोशी ने इससे पूर्व में आईएस की प्री परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की थी। गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रृद्धा जोशी ग्राम प्रधान ललिता प्रसाद जोशी सेरी प्रधान राजेंद्र धामी सामाजिक कार्यकर्ता राकेश जोशी कमलेश जोशी सहित सभी गांव के लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए बढ़ी उपलब्धि बताते हुए। खुशियां मनाई।

# पचास लाख और नगद दहेज नहीं मिलने पर विवाहिता को छोड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विवाह बाद पचास लाख रूपये नगद की और मांग पूरी न होने पर ससुरालियो ने विवाहिता का जहां उत्पीड़न किया तो वहीं पति उसे एक किराये के फ्लैट में अकेला छोड़कर चला गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में पीड़िता का कहना है कि उसका विवाह 27/04/2022 को चिराग कुमार पुत्र वेद प्रकाश निवासी मॉडल टाउ पानीपत हरियाणा के साथ हुआ था। विवाह में माता-पिता द्वारा सोने चांदी के जेवरात कीमती कपड़े आदि ससुरालियों को दिये गये थे। आरोप है कि विवाह के बाद ससुरालियों द्वारा उसे तरह-तरह से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया गया। ताने देते थे कि तुम्हारे घर ने वालों ने दहेज में कुछ नहीं दिया तुम अपने माता पिता से दहेज में पचास लाख रूपये मांगकर दो हमने प्लाट लिए है उस पर मकान बनाना है। ससुराल वालो की प्रताड़ना से तंग आकर अपने मायके वालो की मदद से पीएचडी करने हिसार चली गई। पीएचडी की पढ़ाई पूरी कर जुलाई 2023 में पति ससुराल आये तथा दहेज की मांग पूरी करने का दबाव बनाने लगे। पति चिराग उसे जयपुर ले जाने का तैयार हो गया परन्तु सास द्वारा उसका समस्त जेवर अपने पास रख लिया गया। मात्र मंगल सूत्र व एक अंगूठी पहने अपने पति चिराग के साथ जयपुर चली गयी । पीड़िता का कहना है कि उसके पिता को नवम्बर 2022 में हार्ट अटैक आ गया जिनके ईलाज में करीब तीस लाख रूपये खर्च हुए । 30/12/2023 को पति चिराग अपना समस्त सामान लेकर बिना बताये किराये के फ्लैट में उसे छोड कर कहीं और रहने चला गया तथा फ्लैट के किराया आदि नहीं दिया। जिसका भुगतान उसने कर फ्लैट खाली कर दिया। पुलिस ने मामले में रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवा संसद प्रतियोगिता में युवा सांसदों का ज्वलंत मुद्दों पर संवाद

बाजपुर(उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में युवा संसद प्रतियोगिता–चतुर्थ संस्करण के आयोजन में 54 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें खुशी शर्मा ने लोकसभा अध्यक्ष, महेंद्र सिंह बोहरा ने प्रधानमंत्री, पायल बिष्ट ने गृहमंत्री, इल्मा अंसारी ने पर्यटन राज्य मंत्री, जसविंदर सिंह ने रक्षामंत्री, निशा गोला ने पर्यावरण, जल और जलवायु परिवर्तन मंत्री, सिमरन ने वित्तमंत्री, आकाश सागर ने विदेश मंत्री, उजमा खान ने शिक्षामंत्री और शालिनी शर्मा ने खेलमंत्री की भूमिका निभाते हुए एक तरफ सरकार की उपलब्धियाँ गिनाई एवं आगामी जन योजनाओं की रूपरेखा बताई। वहीं तन्नू ने नेता प्रतिपक्ष की भूमिका का निर्वहन करते हुए अपने युवा सांसदों राहुल सिसौदिया, सूरज, मिथुन विश्वास, लोकेश चौहान, अंशिका शर्मा, उर्वशी शर्मा, इकरा खान, शिवानी राणा, और शालू के साथ प्रश्नकाल और शून्यकाल में भूख, गरीबी, स्त्री सुरक्षा, मीडिया, युवा आत्महत्या, बेरोजगारी, मंहगाई, श्रम कानून, मजदूर, नव राज्य निर्माण, खेल, कृषि, शिक्षा, विदेश नीति,




विदेशी शिक्षा, युद्ध, रेल दुर्घटना, आरक्षण,अकाल और बारिश–भूस्खलन आदि सैकड़ों विषय पर बहुत बेबाकी से संवाद करके सरकार से जवाब माँगा। रवि शर्मा, गुरप्रीत कौर और सलोनी ने सेक्रेटरी जनरल की भूमिका निभाई। छात्रसंघ सचिव आदर्श कुमार और अनुज ने मॉरीशस के युवा सांसदों के रूप में दिखे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाजपुर के उपजिलाधिकारी श्री राकेश चंद्र तिवारी ने युवा सांसदों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्र–छात्राओं में जीवन–समाज और संसद के प्रति रूचि पनपती है। वे लोकसभा और उसकी प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझने योग्य होते हैं। महाविद्यालय में अध्ययन के दौरान यह बहुत आवश्यक है कि युवा देश, समाज और संस्कृति पर संवैध ानिक दृष्टि से विचार करें। पीसीएस परीक्षा परिणाम में बाजपुर क्षेत्र से किसी भी युवा का चयन न होने पर उन्होंने चिंता व्यक्त की।सेवानिवृत पीसीएस अधिकारी एवं चीनी मिल बाजपुर के प्रधान प्रबंधक श्री हरवीर सिंह ने कहा कि युवा संसद प्रतियोगिता को आवश्यक पहल माना। उन्होंने कहा कि लोकसभा की तरह पक्ष–विपक्ष में पचास से भी अधिक युवा सांसदों को एक साथ देखना सुखद हैं। ऐसे कार्यक्रम वैचारिक समझ को सुदृढ़ करते हैं।सामाजिक चिंतक व शिक्षाविद श्री नरेंद्र खत्री ने कहा कि युवा संसद में युवा छात्र–छात्राओं ने युवा सांसद की भूमिका में जिस प्रकार बहुत करते हुए दिखे, यकीनन इनसे वास्तविक लोकसभा के नेता–मंत्रियों को कुछ सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत ही शालीन तरीके से पक्ष और विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष अपने विचारों को व्यक्त किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो.केके पांडेय ने युवा सांसद प्रतियोगिता में आए मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और दर्शक दीर्घा में बैठे सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि विश्वास नहीं होता कि महाविद्यालय के छात्र–छात्राएँ हर विषय पर गम्भीरता से बोलेंगें। कार्यक्रम का संचालन युवा संसद प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी डॉ. खेमकरण सोमन किया। इस अवसर पर डॉ0 रीता सचान, डॉ0 अनिल कुमार सैनी, डॉ0 सूरजपाल सिंह, डॉ0 आदर्श कुमार चौधरी, डॉ0 विकास रंजन, डॉ0 संगीता, डॉ0 जया कांडपाल, डॉ0 दीपा आर्या, डॉ0 जय सिंह, सिया, डॉ0 वंदना, डॉ0 अरूण कुमार, डॉ0 ललित कुमार, डॉ0 अतीश वर्मा, यासमीन, जासमीन, सना, सोनम, धुव कुमार, दीक्षा, ईशा, पूनम, रजनी, सन्ध्या, गुनगुन, गुरप्रीत कौर, छात्रसंघ सचिव, आदर्श कुमार, अनुज, जितेन्द्र सिंह, मन्तशा बी, राखी, प्रवेश, दिव्या, अंजली, सतेन्द्र यादव, डॉ. वंदना खाली, सौरभ, अभिषेक और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि विशाल उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 सितम्बर को

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आगामी 14 सितम्बर द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर द्वारा जनपद में 14 सितम्बर को प्रात: 10 बजे से सायं 05 बजे तक रूद्रपुर सहित वाह्य स्थित दीवानी न्यायालयों काशीपुर, खटीमा, बाजपुर, जसपुर, सितारगंज एवं किच्छा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधि करण योगेन्द्र कुमार सागर ने बताया कि 14 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री–लिटिगेशन के वादों का निस्तारण किया जाएगा जैसे–भरण पोषण, धारा 138 एन0आई0एक्ट, धन वसूली, आपराधिक शमनीय व सिविल श्रम विवाद, विद्युत व जलकर




बिल से सम्बन्धित मामलों का निस्तारण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त न्यायालयों में लम्बित शमनीय प्रकृति के आपराधिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम संबंधी वाद, विद्युत व जलकर बिल संबंधी वाद, वैवाहिक वाद (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वाद, भुगतान व भत्तों से संबंधित सर्विस के मामले, जिला न्यायालय में लम्बित राजस्व वाद एवं अन्य सिविल मामले (किरायेदारी, सुखाधिकार, व्यादेश) आदि मामलों का निस्तारण किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को अपने लम्बित मामले को सुलह–समझौते के माध्यम से निस्तारित करवाना चाहते है तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर अपना मामला निस्तारित करवा सकते है। उन्होंने जनता से अपील करते हुये कहा कि जो भी व्यक्ति अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करवाना चाहते हैं तो वे 14 सितम्बर से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में संबंधित न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, रूद्रपुर, ऊधम सिंह नगर में या दूरभाष संख्या 05944–250682, हैल्प डेस्क नं– 9411531449 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# अंडर 19 राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

किच्छा(उद संवाददाता)। दो दिवसीय अंडर- 19 जूनियर वर्ग राज्य स्तरीय दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का सोमवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। देवभूमि चैस एसोशिएसन के महासचिव संजीव चौधरी ने प्रतियोगिता का शुभारंभ रुद्रपुर रोड स्थित होटल में किया। प्रतियोगिता में पूरे उत्तराखंड से आए बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के फाइनल मैच कल खेले जाएगें। प्रतियोगिता में शीर्ष पर रहने वाले प्रथम चार बालक एवं



बालिका वर्ग के खिलाड़ी आगामी 16 सितंबर को हरियाणा के करनाल में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में 48 प्रतिभागियों ने नाम दर्ज कराया है। प्रतियोगिता में प्रैस वार्ता के दौरान देवभूमि चैस एसोशिएसन की कोषाध्यक्ष डा. सीमा सिंह, आर्यन सिंह, मत्युजंय सिंह, पवन कुमार सुनील कुमार रूपेश कुमार उपस्थित रहे समाचार लिखे जाने तक पहले राउंड की प्रतियोगिता चल रही थी।

# उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक का आयोजन नैनीताल कोऑपरेटिव बैंक के सभागार में किया सर्वसम्मति से अंकुर शर्मा को सदस्यता अभियान समिति का जिला संयोजक बनाया गया। बैठक में चर्चा हुई कि किस प्रकार से उत्तराखंड के अंदर



गया। जिसकी अध्यक्षता यूनियन के अनुशासन समिति के अध्यक्ष गणेश पाठक ने करते हुए बताया कि संगठन को कैसे मजबूत किया जाए। बैठक में सदस्यता अभियान चलाया जाए जिसके लिए सभी साथी अंकुर शर्मा के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करेंगे। जिलाअध्यक्ष डॉक्टर विपिन चंद्र ने बताया कि यूनियन के हर साथी के साथ संगठन तत्परता के साथ खड़ा रहेगा। नगर अध्यक्ष संजय प्रसाद ने कहा कि आज उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पत्रकारों के हित में काम कर रही है और पत्रकारों के साथ सदैव खड़ी रहेगी। यदि किसी पत्रकार के साथ पूरे भारत में कोई भी अप्रिय घटना घटित होती है तो सभी पत्रकार यूनियन या पत्रकार साथियों को एकजुट होकर इन सब का सामना करना चाहिए। आज जिस प्रकार से पत्रकारिता का स्तर गिरता जा रहा है और पत्रकारों के साथ आए दिन हादसे हो रहे हैं। यह पत्रकार यूनियन कभी भी बर्दाशत नहीं करेगी और हमारा संगठन पत्रकारों के हितों में हमेशा सदेव कार्य करता रहेगा। बैठक में अनुज सक्सेना, अध्यक्ष संजय प्रसाद, महामंत्री दीपक भंडारी,अंकुर शर्मा, पंकज सक्सेना, हरीश पांडे, हिमांशु वार्ष्णेय, दीपेश श्रीवास्तव, अंशुल डांगी, सौरभ बजाज, शाहवेज खान, उदय सेठ, समी आलम, आरिश सिद्दीकी, रिहान खान, दीप बेलवाल, समीर बिसारिया, अंजली पंत तथा अन्य लोग मौजूद थे।

# केदारनाथ पैदल मार्ग पर लौटी रौनक,सैकड़ों यात्री हुए रवाना

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा पर लगातार यात्रियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। शनिवार को प्रशासन की अनुमति के बाद सोनप्रयाग से 2075 तीर्थयात्री केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुए। जबकि, गत शुक्रवार को लगभग दो हजार यात्री केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुए थे। यात्रियों की आवाजाही से पैदल मार्ग पर रौनक बढ़नी शुरू हो गई है। जुलाई अंत में आई आपदा के बाद केदारनाथ यात्रियों की संख्या में अब दिन–प्रतिदिन लगातार बढ़ रही है। ऐसे में वीरान यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ावों पर यात्रियों की रौनक से व्यापारियों ने भी राहत की सांस ली है। केदारनाथ पैदल मार्ग पर बड़े उत्साह के साथ ही यात्री आगे बढ़ रहे हैं। शनिवार को सोनप्रयाग और केदारनाथ में सुबह मौसम अनुकूल होने के बाद पुलिस ने 2075 तीर्थयात्रियों को केदारनाथ के लिए रवाना किया। सोनप्रयाग कोतवाली निरीक्षक देवेंद्र असवाल ने बताया कि शनिवार को 2075 यात्रियों को केदारनाथ जाने की अनुमति दी गई थी।

## पेज एक का शेष...

**हरक सिंह से ईडी..**छापे मारे थे। हरक सिंह के यहां से कुछ भी बरामद होने की सूचना नहीं थी। जबकि, एक अधिकारी के घर से कैश व अन्य सामान बरामद हुआ था। ईडी ने बारी–बारी से सभी अधिकारियों और नेताओं से पूछताछ की थी। ईडी ने हरक सिंह रावत को फिर से नोटिस भेजकर सोमवार को पेश होने के लिए कहा था, जिसे बाद वह सोमवार को फिर ईडी ऑफिस पहुंचे। इसी मामले में गत 14 अगस्त को सीबीआई भी हरक सिंह रावत से पूछताछ कर चुकी है। हरक सिंह रावत ने इससे संबंधित कई गोपनीय दस्तावेज भी सीबीआई को उपलब्ध कराए थे। हरक सिंह रावत ये कहते रहे हैं कि पाखरो रेंज मामले से उनका कोई लेना–देना नहीं है।

**यूपी में पत्रकारों की ..**तक की तमीज नहीं है। पुलिस के अधिकारियों को चापलूसी की आदत पड़ चुकी है। जो मीडिया कर्मी चापलूसी नहीं करता उन्हें वर्दी की धौंस दी जाती है कानून का भय दिखाया जाता है। समाज की सुरक्षा के ठेकेदार एक तो चोरी ऊपर से सीना जोरी वाली कहावत को खुलेआम चरितार्थ करने का काम कर रहे हैं। हैरानी की बात है कि ऐसे पुलिस अधिकारियों पर शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती। बकायदा उन्हें संरक्षण देकर हौंसले बुलंद किये जाते हैं। सरकार खुद अगर ऐसे अधिकारियों पर नकेल कसती तो उत्तराखण्ड में कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब न होती। आज प्रदेश भर में जहां अपराधों में तेजी आयी है वहीं महिलाओं के साथ अत्चायार की घटनाओं से देवभूमि आये दिन शर्मसार हो रही है।

**लापता महिला का ...**पहले हरीश किरौला निवासी बुराड़ी दिल्ली के साथ हुआ था। पिछले दिनों पूजा अपने मायके आई हुई थी। जन्माष्टमी के दिन पूजा शिवालय में जल चढ़ाने के लिए कफलटाना गई हुई थी लेकिन वहां से वापस नहीं लौटी। परिजनों ने पूजा की गुमशुदगी की रिपोर्ट देघाट थाने में लिखवाई थी। जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। रविवार देर शाम कैलानी में लगे सोलर प्लांट के कर्मचारियों ने जंगल में एक शव पड़ा देखा। जिसकी जानकारी तहसील और पुलिस प्रशासन को दी। सूचना मिलने के बाद एसआई गणेश राणा और तहसीलदार दीवान गिरि मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। तहसीलदार दीवान गिरि ने बताया कि शव कुछ दिन पुराना है। क्योंकि शव से काफी दुर्गंध आ रही थी। नवविवाहिता की मृत्यु कैसे हुई इसका बारे में पोस्टमार्टम के बाद ही जानकारी मिल पाएगी।

**जलभराव को लेकर...**पानी व बारिश का पानी कॉलोनी में भर जाता है और विधुत पोल पर लाईट व्यवस्था न होने के कारण कालोनी की गलियो में अधेरा रहता है। बच्चों को स्कूल आदि को छोडने व लेने जाते है स्कूटर मोटर साइकिल गाडी पानी में गड्डों के कारण गिर जाती है। जिस कारण से चोट लगने का अंदेशा बना रहता है। कॉलोनी में कूड़ा संग्रह वाहन न आने से जगह जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ है। गैस पाईप लाईन भी नही है।ज्ञापन में उक्त समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई है। इस दौरान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, अरविंद कुमार, शिवम चौहान, दया शंकर, रामपाल, कुंवर सेन, आकाश राठौर, अर्पित सागर, पूनम गुप्ता, सावित्री, लक्ष्मी, कविता, रेखा, गायत्री सहित तमाम वार्डवासी मौजूद थे।

**हादसे में घायल...**तिवारी हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया गया। दोनों घायलों का एसटीएच में उपचार चल रहा था जिसमें पीआरडी जवान नंदराम को डिस्चार्ज कर दिया गया जबकि होमगार्ड महेंद्र कुमार को बरेली के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान सोमवार को होमगार्ड महेंद्र कुमार ने दम तोड़ दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान ने बताया कि बोलेरो वाहन को मय चालक के पकड़ लिया है और अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाबालिग से अश्लील...**व्यापारियों ने नगर में जुलूस भी निकाला। विरोध को देखते हुए पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई जगह दबिश दे रही थी। सर्विलांस से उसकी लोकेशन बिजनौर क्षेत्र में मिली थी। आरोपी आरिफ को पुलिस ने देर रात बिजनौर से गिरफ्तार कर लिया। इधर नंदानगर में आज दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन के साथ ही बाजार बंद किया गया। तनाव को देखते हुए देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात रही।

**जहरीले सांप के ...**थें जहां से उपचार करा कर सूरज विगत सायं वापिस आ गया। गत दिवस उसकी हालत पुन: बिगड़ने पर परिजन उसे बिलासपुर ले गये। जहां उसके स्वास्थ्य में कोई सुधार न होने पर परिजन उसे इलाच के लिये अन्यंत्र ले जा रहे थे जहां मार्ग में सूरज ने दम तोड़ दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया।

**अज्ञात वाहन की ..**लौट आये। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया। बताया जाता है कि मृतक राहुल दो बहनों का इकलौता भाई था। घटना से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई।


### सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र प्रदीप बठला व उसकी पत्नी श्रीमति रिया बठला का व्यवहार हमारे प्रति सही नहीं है, आये दिन दोनों गाली गलौच एवं अभद्र व्यवहार करते हैं जिससे दुखी और परेशान होकर मैंने प्रदीप बठला व उसकी पत्नी श्रीमती रिया बठला से सारे रिश्ते नाते समाप्त कर लिये हैं और दोनों को अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में प्रदीप बठला और श्रीमती रिया बठला अपने हर अच्छे बुरे कार्य एवं लेन देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।

**कशमीर लाल पुत्र श्री दयाल दास**
निवासी– होटल कंचनतारा के पीछे, मोहल्ला रविन्द्र नगर,रूद्रपुर,उधम सिंह नगर



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# राइस मिल एसोसिएशन ने की हरियाणा व पंजाब की तर्ज पर धान खरीद की मांग

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर राइस मिलर



को आने वाली समस्याओं से अवगत कराया।महामंत्री नरेश कंसल तथा मंत्री उमेश अग्रवाल ने खटीमा के बंधन बैंकट हाल में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से राइस मिलों को आ रही दिक्कतों के बारे में ज्ञापन सौंपा तथा हरियाणा तथा पंजाब की तर्ज पर धान खरीद करने मांग की । प्रदेश महामंत्री नरेश कंसल ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश में चावल उतारने के लिए गोदामों की भारी कमी है जिससे समय से चावल उतार नहीं हो पाता है अभी भी लगभग 2 लाख कुंतल चावल देना बाकी है। राइस मिल वालों को किसानों को पेमेंट 48 घंटे में करना पड़ता है परंतु राइस मिलर्स को पेमेंट मिलने में 6 से 10 माह का समय लग जाता है। राइस मिलर्स का लगभग 200 से 250 करोड़ रूपया विभिन्न मदो में सरकार की तरफ बकाया है । फोर्टीफाइड राइस का पेमेंट तथा ट्रांसपोर्ट का पेमेंट 3 साल से बाकी है मिलों को बहुत अधिक आर्थिक हानि तथा ब्याज का नुकसान हो रहा है। नरेश कंसल ने धामी जी को ये भी बताया कि मंडी शुल्क मिलो से ढाई परसेंट लिया जाता है परंतु मिलर्स को भुगतान 2% से किया जा रहा है मिलर्स को मंडी शुल्क पूरे ढाई परसेंट का भुगतान करने की मांग की।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए किया विरोध

किच्छा(उद संवाददाता)।पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर प्रांतीय आवाहन पर गन्ना पर्यवेक्षक संघ जोन किच्छा मे विरोध स्वरूप काला फीता बांधकर कार्य किया गया। गन्ना पर्यवेक्षक संघ के महामंत्री सचिन ने बताया कि प्रदेश गन्ना पर्यवेक्षक संघ के आह्वान पर उत्तराखंड राज्य भर में समस्त गाना पर्यवेक्षकों द्वारा काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है तथा केंद्र सरकार से मांग की जा रही है कि वर्ष 2004 से पूर्व कर्मचारियों को दिए जाने वाली पेंशन व्यवस्था लागू की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जो वर्तमान में पेंशन बहाली का आदेश निर्गत किया है वह कर्मचारियों के हित में नहीं है उन्होंने कहा कि अभी समस्त कर्मचारी केंद्र सरकार का विरोध काला फीता बांधकर कर रहे हैं क किंतु केंद्र सरकार द्वारा कर्मचारियों के मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह आंदोलन कार्य बहिष्कार अनिश्चितकालीन हड़ताल आदि में तब्दील हो सकता है। विरोध प्रदर्शन करने वालों मे गन्ना विकास निरीक्षक कु०कंचन शाही, गन्ना पर्यवेक्षक प्रताप सिंह, सुधीर आहूजा, मदन कालरा, रविशंकर काण्डपाल, आशाराम,विपिन कुमार, गंगा दत्त,महेश चंद, सचिन कुमार ललित पंत, विशाल सेतिया, कमल सिंह, सूर्य प्रताप सिंह , कृष्ण पाल, मुकेश कुमार, मनोज कुमार, मोहमद यूनुस, अरविंद यादव के आदि उपस्थित थे।।



# किसान यूनियन की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन की ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन नई अनाज मंडी के सभागार में किया गया। मासिक बैठक की अध्यक्षता सरदार हरभजन सिंह द्वारा की गई । बैठक में भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मक्कड़ द्वारा दर्जनों किसानों की मौजूदगी में कई प्रस्ताव पारित किए गए ।जिनमें क्षेत्र में आवारा पशु किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं प्रशासन की तरफ से इसका कोई ठोस उचित उपाय किए जाने ,क्षेत्र में कई स्थानों पर झूलती हुई विद्युत लाइन दुरुस्त करवाने, विद्युत विभाग द्वारा घरेलू कनेक्शन में ट्यूबवेल पर जो जमानत राशि ली जा रही है उस पर तुरंत रोक लगाए जाने, जिसका भारतीय किसान यूनियन पुरजोर विरोध करती है, घरेलू विद्युत बिलों में जो अधिभार हर माह लिया जा रहा है उसे तुरंत आधा किए जाने , महतोष मोड़ से लेकर शहीद बलजीत सिंह चौक नवाबगंज तक का मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है उसे तुरंत सही किए जाने, ब्लॉक गदरपुर की सभी नहरों की सफाई किए जाने तथा पानी की कच्ची नालियों को पक्का किए जाने के प्रस्ताव पारित किए गए। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मक्कड़ ,कृपाल सिंह गुंबर ,वीरेंद्र सिंह, सरदार सिंह, बलिहार सिंह, गुरमीत सिंह, अशोक कुमार सेठी, हरभजन सिंह, उस्मान अली ,पाल सिंह, जसवीर सिंह,लुकमान ,मेहताब, प्रीत सिंह आदि किसान मौजूद रहे ।



# शिव के भजनों से गुंजायमान हुई नई घास मंडी

## विधायक शिव अरोरा, अरविन्द पाण्डेय, राजकुमार ठुकराल व सोनू चुघ ने भी लिया आशीर्वाद





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी वार्ड नंबर 36 नई घास मंडी में गत रात्रि श्री शिव कवन सेवा दल द्वारा भगवान शंकर जी का विशाल 14 वां जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक कलाकारों के भगवान शंकर की लीलाओं के गए भजनों से सारा वातावरण गुंजायमान हो गया। इससे पहले पूर्व शिक्षा मंत्री एवं वर्तमान गदरपुर विधायक अरविंद पांडे एवं क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा एवं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भाजपा नेता भारत भूषण चुघ द्वारा संयुक्त रूप से ज्योति प्रज्वलन कर शिव जागरण का शुभारंभ किया गया। पूर्व शिक्षा मंत्री श्री पांडे ने कहा गायक कलाकारो द्वारा भगवान भोलेनाथ की महिमा का गुणगान का श्रवण करने से मन को बड़ी शांति मिलती है। भगवान शंकर हर कण-कण में बसे हुए हैं। उन्होंने आयोजक मंडल को कार्यक्रम की बहुत शुभकामनाएं दी और भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि की मंगल कामना की। जागरण में बाहर से पहुंचे भजन गायक कलाकारों द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई एवं अपने मधुर कंठ से बाबा भोलेनाथ का गुणगान किया। आयोजक मंडल ने गदरपुर विधायक अरविंद पांडे, क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल तथा भाजपा नेता भारत भूषण चुघ आदि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। जागरण के दौरान उपस्थित हजारों शिव भक्त शिव महिमा का गुणगान सुनते हुए शिव भक्ति में मग्न होकर तालियां बजाकर झूमते रहे। सारी रात भगवान शिव के जयघोषों से सारा वातावरण गुंजायमान होता रहा। इस दौरान आयोजक मंडल के गब्बू सागर, निवर्तमान पार्षद रणजीत सागर, अमित कक्कड़, सोनू सागर, बबलू सागर, परमजीत सागर, अशोक सागर, दीपक सागर, सुशील कुमार, किरण पाल सागर, सचिन सागर, दिनेश सागर, डब्लू सागर, अरविंद सागर सहित हजारों शिव भक्त और कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# किच्छा में जल्द होगी जर्जर सड़कों की मरम्मत : बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलकराज बेहड़ के प्रयासों से क्षेत्र की कई जर्जर सड़कों की जल्द ही मरम्मत की जायेगी। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विधायक तिलक राज बेहड ने बताया उनका प्रयास है कि किच्छा विधानसभा की प्रत्येक सड़क जो जर्जर हालत में है, या जहां पर कई वर्षों से निर्माण कार्य नहीं हुए हैं इनका शीघ्र से शीघ्र निर्माण कराया जाए। इसके लिए लगातार अपनी विधायक निधि , जिला योजना व राज्य योजना के अलावा अन्य योजनाओं से भी सड़कों के निर्माण के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इन्ही प्रयासों के तहत लोक निर्माण विभाग को पूर्व में कई बार किच्छा विधानसभा की जर्जर सड़कों की मरम्मत कराए जाने हेतु पत्राचार किया गया था। जिसके तहत लोनिवि ने कुछ सड़कों की मरम्मत कार्य के लिए निविदा जारी कर दी है। इनमें किच्छा दरऊ मार्ग से सैजना लिंक मार्ग एवं रहपुरा मोटर मार्ग, प्रतापपुर लिंक मार्ग एवं खेड़ा गंगापुर मार्ग से फुलसूंगा फूलसुंगी ट्रांजिट कैंप मार्ग , भमरौला मेंन रोड से मलसी लंका मार्ग ,जवाहर नगर सत्संग आश्रम में नंदा देवी मंदिर से लेमार्ट स्कूल तक मार्ग एवं किच्छा बाईपास से खुरपिया फॉर्म से किशनपुर गांव तक मार्ग,शिमला पिस्तौर कुरैय्या मोटर मार्ग, आजाद नगर-सुनैरा-बरौरा लालपुर मोटर मार्ग, डिपॉजिट मद रोड कटिंग के अंतर्गत किच्छा के दरऊ के आंतरिक मार्गों, डिपॉजिट मद के अंतर्गत क्षतिग्रस्त एनएच 74 से रामनगर प्रीत नगर ग्रामों को जोड़ते हुए भमरौला मार्ग आदि शामिल है। उक्त सड़कों के मरम्मत हेतु कार्य को पूर्ण करने की अवधि 3 माह की दी गई है तथा शीघ्र ही इन सड़कों पर कार्य प्रारंभ हो जाएगा, जिससे यहां के निवासियों को खराब सड़कों से निजात मिलेगी।




